PUBLICATION NAME :	Aaj
EDITION :	Patna
DATE :	20/04/24
PAGE :	5

ईडीआईआई ने किया आवेदन आमंत्रित

पटना (आससे)। एंटरेप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट इंस्टीच्यूट ऑफ इंडिया (ईडीआईआई) ने अपने दो वर्षीय पीजीडीएम प्रोग्रामोंरू पीजीडीएम इन एंटरेप्रेन्योरिशप पीजीडीएम इन इनोवेशन, एंटरेप्रेन्योर्स और उनलोगों के लिए डिजाइन किए गए हैं, जो समाज पर सकारात्मक प्रभाव उत्पन्न करना चाहते हैं। २०२४-२६ बैच के लिए आवेदन की अंतिम तिथि २७ अप्रैल है और इंटरव्यू की शुरूआत ३० अप्रैल को होगी। उम्मीदवार सीधे वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। डा. पंकज भारती असोसियेट प्रोफेसर ईडीआईआई ने

कहा कि ईडीआईआई का पीजीडीएम-ई, प्रोग्राम अपने २७वें बैच में है, जो उद्यमियों एवं मैनेजमेंट के पेशेवरों के लिए डिजाइन किया गया व्यापक दो-वर्षीय, फुल टाइम कोर्स है। इस कोर्स में छह ट्राइमेस्टर्स हैं, जहां छात्रों को एंटरेप्रेन्योरशिप से जुड़े विभिन्न पहलुओं में कौशल हासिल करने, क्रिटिकल थिंकिंग एवं हैण्ड्स-ऑन-लर्निंग (व्यवहारिक कौशल) सीखने का मौका मिलता है। इसके स्पेशलाइजेशन्स में शामिल हैं। उद्यम के विकास पर फोकस करनेवाला न्यू एंटरप्राइजेज क्रिएशन (एनईसी), पारिवारिक कारोबार के लिए फैमिली बिजनेस मैनेजमेंट (एफबीएम) और स्थायी विकासके लिए इनोवेटिव लीडर्स बनाने वाला सोशल एंटरेप्रेन्योरशिप (एसई)। इस कोर्स में छात्रों को गहन, प्रशिक्षण, संरक्षण और मार्गदर्शन दिया जाता है, उनके चुने हुए मार्ग के आधार पर विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट के साथ यह कोर्स पूरा होता है।